## एक नजर में

### गर्ल्स कॉलेज में दिखाई डॉक्यूमेंट्री फिल्म




**शाजापुर, 5 अगस्त.** किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में 5 अगस्त को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया. प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी. मूंदड़ा ने बताया कि भारतीय सेना और उसके जाबांज जवानों की बहादुरी, पराक्रम के उपलक्ष्य में देशभर में 26वां कारगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है. कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध के नायकों की बहादुरी और वीरता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए इस महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री फिल्म छात्राओं एवं स्टाफ को दिखाई गई. इस अवसर पर जेपी माथुर, अनिल कुमार नागर, श्रीमती दीपिका गुप्ता, आदित्य सक्सेना, नरेंद्र कुमार भाटी, डॉ. ऋचा सक्सेना, डॉ. रितेश महाड़िक, डॉ. कपिल जाटव, नीतेश गुप्ता, विजय सिंह विश्वकर्मा सहित छात्राएं उपस्थित रहीं. कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती शबाना कुरैशी ने किया.

### ग्रीन विलेज कार्यक्रम के तहत केविके का भ्रमण किया




**शाजापुर, 5 अगस्त.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने ग्रीन विलेज कार्यक्रम के तहत दो दिवस तक कृषि विज्ञान केंद्र गिरवर में भ्रमण कर पौधा रोपण, गांव के पारिस्थिति की तंत्र और जैव विविधता के संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त जागरूकता जैसी गतिविधियों का आयोजन किया. प्रथम दिवस में रासेयो स्वयंसेवकों ने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर जैव विविधता को सुरक्षित रखने एवं हरियाली को बढ़ावा के गुण सीखें. जहां कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रमुख डॉ. जीआर अंबावतिया ने स्वयंसेवकों को गांव के विभिन्न पारिस्थितिकी तंत्रों के बारे में बताते हुए पौधों और जानवरों की पहचान करना सिखाया तथा मिट्टी के विभिन्न प्रकारों के साथ पानी के विभिन्न स्रोतों के बारे में जानकारी दी. दूसरे दिन में डॉ. डीके तिवारी ने जैविक खेती के बारे में बताते हुए कहा कि जैविक खेती युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वरोजगार स्थापित करने का भी सुनहरा माध्यम है. इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने ग्राम का भ्रमण करते हुए प्लॉस्टिक एकत्रित कर जागरूकता श्रमदान किया और लोगों को जागरूक किया. इस अवसर पर रासेयो इकाई एंबेसडर रवि कुमार, दलनायक भवानी सिंह, एसयूओ लक्ष्मी पुष्पद, यूओ शिवम परिहार, अशीष परमार, सूरज सिंह सोनगरा, विकाश गिरी, इसराईल खां, कौशल्या पुष्पद, आकाश गोरासिया, रीना पंवार, सूरज, राय, अन्नू सौराष्ट्रीय, दीपिका कोहली, ताक्शी, अंजली, प्रिया पटेल, रविंद्र, विजेंद्र, पवन पुरी, रवि मालवीय, सुनिल गुर्जर, सुमन गोयल, भावना पंवार, कोमल सौराष्ट्रीय आदि शामिल रहे.

### स्कूली बच्चों को वितरित की साइकिल



**सुसनेर, 5 अगस्त.** मध्यप्रदेश शासन की नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत मंगलवार को सुसनेर विकासखंड के ग्राम देहरिया के शासकीय हाईस्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया. यहां पर स्कूली बच्चों को साइकिल वितरित करने के साथ ही सभी अतिथियों ने पौधारोपण भी किया. इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष बाबूलाल यादव, युवा मोर्चा के महामंत्री विनय शर्मा, जनपद सदस्य गोपाल बगड़ावत, देहरिया सरपंच भगवान सिंघवी, सरपंच प्रतिनिधि संजय सिंह, बूथ अध्यक्ष प्रेम सिंह व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी, प्राचार्य बबीता गुप्ता, माध्यमिक शाला के रामलाल बैडाना आदि मौजूद रहे. जानकारी राहुल राठौर ने दी.

### बगलामुखी मंदिर के विकास कार्यों को मंत्री से भेंट की



**सुसनेर, 5 अगस्त.** विधायक भैरोसिंह परिहार बापू मध्यप्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मिले. उन्होंने विधानसभा के अंतर्गत आने वाले नलखेड़ा में स्थित विश्व सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की. इस पवित्र धार्मिक स्थल पर श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है. ऐसे में मंदिर परिसर, दर्शन व्यवस्था, सड़क, जल व मूलभूत सुविधाओं के समग्र विकास की आवश्यकता है. इस पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही का भरोसा विधायक बापू को दिलाया है.

### बाइक तेज चलाने पर विवाद

**शुजालपुर, 5 अगस्त.** अकोदिया शुजालपुर मार्ग पर जिओ पेट्रोल पंप के समीप दो पक्षों में बाइक तेज चलाने की बात पर विवाद हो गया, जिसमें मारपीट की घटना हुई. फरियादी आदेश राजपूत निवासी मोहम्मदखेडा ने पुलिस को बताया कि 4 अगस्त की रात लगभग 12 बजे मैं अपने दोस्त आलोकसिंह के साथ बाइक में पेट्रोल डलाकर आ रहा था तभी बाबा ढाबे के सामने चार युवकों ने रोका और बाइक धीरे चलाने की बात कही, इसके बाद उन्होंने गालियां दी और मारपीट की, जिससे चोटे आई. फरियादी के अनुसार मारपीट करने वाले अंकित परमार, नरेन्द्र परमार, गोविंद परमार, मौसम परमार सभी निवासी पलसावद के थे. पुलिस ने शिकायत पर मारपीट का मामला दर्ज किया.

# भाईयों की कलाई पर सजेगी स्वदेशी राखी

## रक्षाबंधन पर लोकल फॉर वोकल, घरों में तैयार हो रही फोटो वाली राखियां

**सुसनेर, 5 अगस्त. इस बार परंपरागत राखियों के साथ ट्रेंडी और कस्टमाइज राखियों का अधिक बोलबाला है. खासतौर पर स्वदेशी राखियों की डिमांड अधिक है. बुरी नजर से बचाने वाले इस प्रतीक को अब फैशन और परंपरा के मेल में देखा जा रहा है. लोकल फॉर वोकल की तर्ज पर एक और जहां शहर के दुकानदार इस बार स्वदेशी राखियां ही बेच रहे हैं, तो वहीं घरों में भी स्वदेशी राखियां तैयार की जा रही हैं.**

भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व इस बार 9 अगस्त को शुभ संयोग के साथ मनाया जाएगा.



भाई-बहन के फोटो वाली राखियों की बढ़ी डिमांड, शुभांजलि राठौर बना रही है राखी

### रेसिन आर्ट से बना रही राखी...

वार्ड क्रमांक 10 के हरिनगर कॉलोनी में रहने वाली शुभांजली दिनेश राठौर के द्वारा इस तरह की स्वदेशी राखियां रेसिनआर्ट से बनाई जा रही है. जो फोटो के साथ बनाई जा रही हैं. इसमें अक्षत व कुमकुम के साथ भाई-बहन की फोटो भी लगाई जा रही है. इसको बांधने के लिए सूत के धागे का उपयोग किया जा रहा है, जो भाई बहन के पवित्र बंधन को और मजबूत करता है. शुभांजली राठौर बताती हैं कि उनके द्वारा बनाई जा रही स्वदेशी राखियां पूरे नगर में आकर्षण का केन्द्र बिंदु बनी हुई हैं. इसके चलते बड़ी मात्रा में नगर के बाजार में इसकी डिमांड अभी से ही होने लगी है.

खास बात यह है कि इस बार स्वदेशी राखियां भाईयों की कलाई पर सजेंगी. इससे जहां मेक इन इंडिया को मजबूती मिलेगी. वहीं महिलाएं व युवतियां आत्मनिर्भर बनेंगी. इसको लेकर नगर के घरों में स्वदेशी राखियां बनाई जा रही हैं, जिसमें भाई और बहन की फोटो भी लगी हुई है. ये राखियां पूरे नगर में आकर्षण का केन्द्र बिंदु बनी हुई हैं.

# ओवरलोडिंग के कारण बार-बार जल रही डीपी

## चार दिन से खराब ट्रांसफॉर्मर, ग्राम देवली के ग्रामीण परेशान

**सोयतकलां, 5 अगस्त. समीपस्थ ग्राम देवली के ग्रामीण बिजली समस्या के कारण परेशान हैं. गांव का एकमात्र ट्रांसफॉर्मर पिछले चार दिनों से खराब है, जिसके कारण बारिश के दिनों में उमस में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**

गांव के रामप्रसाद कुंभकार, राजाराम कुंभकार, बद्रीलाल कुंभकार, सांवलिया गुर्जर, परमानंद गुर्जर ने बताया कि पिछले दिनों गांव में दो ट्रांसफॉर्मर लगे हुए थे. दोनों ट्रांसफॉर्मर 25 दिन पूर्व जल जाने के कारण विभाग द्वारा दोनों ट्रांसफॉर्मर उतारकर सुसनेर भेजे थे, जिसके बदले विद्युत विभाग द्वारा गांव में एक ही ट्रांसफॉर्मर लगाया है. वहीं दूसरे ट्रांसफॉर्मर पर बिजली बिल की राशि बकाया होने के कारण उसे सुसनेर में ही जमा कर लिया. अब गांव में एक ही ट्रांसफॉर्मर से पूरे गांव में बिजली आपूर्ति हो रही है, जो ओवरलोडिंग के कारण बार-बार जल रहा है. विभाग द्वारा इस ट्रांसफॉर्मर को 15 दिन पूर्व ही बदला गया था. ग्रामीणों द्वारा जब जले ट्रांसफॉर्मर की जानकारी विद्युत विभाग को दी, तो विभाग दोबारा से दस प्रतिशत बकाया राशि जमा करने का दबाव बना रहा है.

### साहूकारों से कर्ज लेकर लगवाई डीपी...

अभी 15 दिन पहले ही गांव वालों ने साहूकारों से कर्ज लेकर बिजली बिल जमा किया था. बारिश के कारण काम धंधे बंद हैं. अब हम ग्रामीण दोबारा से बिजली बिल की राशि जमा कैसे करें. गांव में बिजली न होने से ग्रामीणों का का काम-धंधा रुक गया है. छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है. बुजुर्गों और बीमार लोगों को पंखे और जरूरी घरेलू उपकरण न चलने से कठिनाई हो रही है.

### जहरीले जानवरों का खतरा...

बारिश के मौसम इन दिनों में गांव में जहरीले जीव-जंतु का भी डर बना रहता है. ऐसे में बार-बार डीपी जलने से गांव में रात के समय अंधेरा पसरा रहता है. जिसके चलते ग्रामीणों में जहरीले जीव-जन्तू के हमले का खतरा अंदेशा बना रहता है. ग्रामीणों ने जल्द मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी से गांव में चले ट्रांसफॉर्मर को बदले की मांग की है.

**इनका कहना है**

*देवली गांव के ट्रांसफॉर्मर पर जुलाई माह का बिजली बिल बकाया है. ग्रामीणों द्वारा बिल जमा करने पर ट्रांसफार्मर बदलवा दिया जाएगा.*

*- पंकज वर्मा, कनिष्ठ अभियंता*

# मुरादपुरा की भूमि अतिक्रमण मुक्त



**शाजापुर, 5 अगस्त. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए शाजापुर तहसील के ग्राम मुरादपुरा स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 193 रकबा 0.76 हेक्टेयर में से 0.18 हेक्टेयर भूमि को जेसीबी से खंदक खोदकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया.**

उक्त शासकीय भूमि पर निर्मित संपत्ति राजसात की गई. अतिक्रमणकर्ता मुदस्सर अली, आमिर अली व किस्मत अली को शासकीय भूमि से बेदखल कर शासन द्वारा कब्जा प्राप्त किया गया. अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 45 लाख रुपए है. संपूर्ण कार्यवाही के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सुश्री नाहिद अंजुम, राजस्व निरीक्षक कुम्हेर सिंह भिलाला, पटवारी राहुल प्रताप सिंह सिकरवार, ललित कुम्भकार, विनोद चौहान, सुनील बंसल तथा कोटवार नरेन्द्र मेवाड़ा सहित थाना कोतवाली का पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहा.

# डीजे की बात को लेकर विवाद, चाकूबाजी में एक युवक घायल

**शुजालपुर, 5 अगस्त. मंडी थाना क्षेत्र अन्तर्गत एटीएम चौराहे के समीप सोमवार की शाम को भगवान की शोभायात्रा में बज रहे डीजे की बात को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद हो गया, जिसमें चाकूबाजी की घटना हुई. इसमें एक युवक को चोट आई जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया.**

फरियादी गजेन्द्र परमार निवासी रायकनपुरा की शिकायत पर रवि बागरी, दीपक राजपूत दोनों निवासी शुजालपुर सिटी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया. फरियादी ने बताया कि भगवान की सवारी एटीएम चौराहे पर थी तभी मोबाईल ग्रुप में मैसेज आया कि जाकर देखों क्या हो रहा है जब में डीजे के पास पहुंचा तो विवाद कर रहे युवकों को समझाईशदेकर रवाना किया, थोडी देर बाद रवि बागरी और दीपक राजपूत आए और रवि ने चाकू से मुझपर हमला किया जो कि बाये कान पर लगा, उसके बाद दीपक ने भी चाकू निकाल लिया, जिसे देख मैने भागकर जान बचाई. सवारी में मौजूद कार्यकर्ता मुझे अस्पताल लेकर आए. पुलिस ने मामला दर्ज कर किया.

**जितेन्द्र ठाकुर जिला महामंत्री नियुक्त- शुजालपुर,** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष शिवप्रतापसिंह चौहान व वरिष्ठों की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह सिसोदिया ने शुजालपुर के युवा कार्यकर्ता जितेन्द्र सिंह ठाकुर भय्यू को जिला महामंत्री के पद पर नियुक्त किया. इस नियुक्ति पर करणी सेना सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी. जिला महामंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि इस पद की महिमा, महत्व व सम्मान बनाए रखते हुए संगठन द्वारा दिए गए उत्तरदायित्व का निर्वाहन निष्ठा के साथ किया जाएगा.

# ग्राम लाहौरी में आयोजित हुआ जागरूकता शिविर

## महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण पर हुई चर्चा

**शाजापुर, 5 अगस्त. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना एवं महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्तनपान सप्ताह की गतिविधियों के तहत ग्राम लाहौरी के आंगनवाड़ी केंद्र में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया.**

जिसमें स्वास्थ्य संबंधी गतिविधिया जैसे बच्चों का टीकाकरण विटामिन ए की खुराक बच्चों को पिलवाई गई और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया. महिला एवं बाल विकास सहायक संचालक सुश्री नीलम चौहान ने महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण की चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों को सही तरीके से स्तनपान करवाने में दादी-नानी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. पहली



बार मां बनने वाली माताओं को समझाईश अवश्य दें. इस दौरान लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण एवं अन्य अपराधों से बचाव के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन एवं हब फॉर वूमन एम्पॉवरमेंट के साथ ही वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दी. लाड़ली लक्ष्मी योजना व प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के हितग्राहियों के खाते को डीबीटी व आधार से लिंक करवाने तथा एफआरएस करवाने की समझाईश दी. साथ ही वजन लिए गए बच्चों का क्रॉस सत्यापन किया गया.

### जन्म के तुरंत बाद मां का दूध अमृत...

पर्यवेक्षक श्रीमती प्रिया गोस्वामी ने महिलाओं को समझाइश देते हुए कहा कि बच्चे के जन्म के तुरंत बाद मां का गाढ़ा दूध नवजात शिशु को पिलाएं. यह विभिन्न बीमारियों से रोकथाम करता है. साथ ही 1000 दिवस बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. एएनएम रत्ना व्यास ने बच्चों व महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया. पर्यवेक्षक श्रीमती संगीता यादव के नेतृत्व में आंगनवाड़ी केंद्र पर स्तनपान सप्ताह के बारे में महिलाओं को जानकारी दी व पौधारोपण करवाया. स्तनपान के बारे में भ्रांतियां दूर करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा नारे लेखन कर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है.

# 5 लोक सेवा केंद्रों को थमाया शोकाज नोटिस

**शाजापुर, 5 अगस्त. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम-2010 के तहत शाजापुर जिले में तहसील स्तर पर संचालित लोक सेवा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया.**

लोकसेवा जिला प्रबंधक आशय श्रीवास्तव ने बताया कि निरीक्षण में पाई गई कमियों एवं अनियमितताओं के संबंध में संचालक लोक सेवा केन्द्र गुलाना, शुजालपुर, मोहन बड़ोदिया, पोलायकलां एवं अवंतिपुर बड़ोदिया को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं. इनके द्वारा प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने पर आरएफपी में वर्णित प्रावधान अनुसार संचालक, लोक सेवा केन्द्र, अवंतिपुर बड़ोदिया पर 25000 रुपए, गुलाना पर 5000 रुपए, शुजालपुर 5000 रुपए, मोमन बडोदिया 5000 रुपए एवं पोलायकलां पर 5000 रुपए शास्ति अधिरोपित की गई है.

**जनसुनवाई में 159 आवेदन प्राप्त- शाजापुर,** जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत मंगलवार को संपन्न हुई जनसुनवाई में 159 आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने की. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर, अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे ने भी जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया.

# नप में चोरी, सीएमओ ने दिया आवेदन

**सुसनेर, 5 अगस्त. बीती रात चोरों ने नगर परिषद कार्यालय में चोरी की वारदात को अंजाम दिया. पिछले हिस्से से वेंटिलेशन के जरिए चोर परिषद के स्टोर रूम में घुसकर एलईडी लाइट जिनमें नई और पुरानी दोनों थी जिनकी संख्या 500 से 600 थी इसके अलावा और भी अन्य सामान था चोरों ने साफकर दिया.**

सूत्रों के अनुसार करीब 10 लाख का सामान था जो चोरी हुआ है इस बात की आशंका है कि चोरों ने परिषद के पीछे चार पहिया वाहन खड़ा किया और सारा सामान भरकर ले गए होंगे. मंगलवार की सुबह जब कर्मचारियों ने स्टोर रूम देखा तो इसकी सूचना उन्होंने परिषद के सीएमओ को दी. जिसके बाद सीएमओ ओपी नागर ने पुलिस थाने में लिखित रूप से आवेदन दिया है. सीएमओ ने आवेदन देने की पुष्टि की है किंतु देर शाम तक पुलिस ने प्रकरण दर्ज नहीं किया था.

### फसल बीमा की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

**शाजापुर, 5 अगस्त.** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ फसलों के लिए अऋणी कृषकों के लिए खरीफ 2025 में फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़कर 14 अगस्त, जबकि ऋणी कृषकों के लिए अंतिम तिथि बढ़कर 30 अगस्त 2025 हो गई है. किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक आरएल जामरे ने बताया कि जिन कृषकों ने बैंकों से केसीसी लिया है और उनका बीमा बैंक द्वारा किया जाता है, किसी कारण से बैंक द्वारा बीमा नहीं किया गया है, तो वह कृषक बैंक से संपर्क कर फसल बीमा कराएं. अऋणी कृषक व जिन कृषकों का फसल बीमा छूट गया है, वह कृषक अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए शीघ्र ही पास की बैंक शाखा पर जाकर फसल बीमा कराएं. जिससे फसल नुकसानी के समय कृषकों को फसल बीमा योजना का लाभ मिल सकें. फसल बीमा कराने के लिए आवश्यक दस्तावेजों में मोबाइल नंबर से जुड़ा आधार कार्ड, जमीन सिकामी बटाई पर होने पर इसका शपथ पत्र, भू-अधिकार ऋण पुस्तिका/खसरा खतौनी, बैंक खाते का विवरण/पासबुक, पटवारी, पंचायत सचिव, कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा जारी किया गया बुवाई प्रमाण पत्र तथा फॉर्मर आईडी की आवश्यकता होगी.

## एक नजर में — सुसनेर विधायक ने विधानसभा में उठाई आवाज

# शासकीय स्वामी विवेकानंद कॉलेज में पीजी कक्षा शुरू करने की मांग

**सुसनेर, 5 अगस्त. भोपाल में चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान सुसनेर विधानसभा क्षेत्र 165 के विधायक भैरोसिंह परिहार बापू ने सुसनेर के स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाओं का संचालन शुरू कराने हेतु आवाज उठाई है.**

उन्होंने विधानसभा सभापति के सामने अपनी मांग रखते हुए कहा कि मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान गंभीर शैक्षणिक समस्या की ओर आकर्षित करना




चाहता हूं. सुसनेर स्थित शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में आज तक कोई भी स्नातकोत्तर कक्षाएं संचालित नहीं होती हैं. आज पूरे क्षेत्र से सैकड़ों विद्यार्थी पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई करने के लिए आतुर हैं, लेकिन हम उन्हें उच्च शिक्षा की सुविधा नहीं दे पा रहे हैं. इसलिए सुसनेर के शासकीय कॉलेज में पीजी की कक्षाएं एमए, एमएससी, एमकॉम आदि का संचालन शुरू किया जाए. पीजी के अभाव में सुसनेर क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपनी स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के लिए दूर महानगरों की ओर जाना पड़ता है. ये सिर्फ आर्थिक बोझ नहीं, बल्कि छात्राओं के लिए सुरक्षा की चिंता भी है. उन्होंने शिक्षा मंत्री से भी आग्रह किया कि जो अशिक्षा का कलंक हमारा ग्रामीण क्षेत्र झेल रहा है. अगर आगर जिले और सुसनेर विधानसभा में ऐसी सौगात दी जाए, तो आगे चलकर क्षेत्र के विद्यार्थी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकेंगे. इसलिए इसको तत्काल अमल में लाना चाहिए.